# तेरे चरणों का मैं प्रेमी हूँ एक नज़र करदे लिरिक्स

तेरे चरणों का मैं प्रेमी हूँ,
एक नज़र करदे,
गीत में भाव हो भक्ति हो,
वो असर भर दे।bd।

---

हीरे मोती मणि माणिक,
न हमें चहिये,
आलीशान बगले ये नो महले,
भी नही चहिये,
कण्ठ को गीतों की सरगम से,
तर बतर करदे।bd।

---

मात हंसाशिनी तू,
हमे झलक दे दे,
तुझको पाने की मेरे मन मे,
एक ललक दे दे,
मेरा ये गीत समर्पित है,
माँ अमर करदे।bd।

---

ताल हो राग हो,
स्वर हो सुरीले गीतों में,
तेरा आव्हान हो गुणगान हो,
माँ गीतों में,
साधना पूरी हो 'राजेन्द्र',
को ये वर दे दे।bd।

---

तेरे चरणों का मैं प्रेमी हूँ,
एक नज़र करदे,
गीत में भाव हो भक्ति हो,
वो असर भर दे।bd।

गीतकार / गायक-राजेन्द्र प्रसाद सोनी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com